दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण में तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 19 अगस्त, 2013 को राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान की अध्यक्षता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुर्ननिर्माण में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के सम्बन्ध में उनके कार्यालयी कक्ष में प्रातः 11:30 बजे से एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निम्न अधिकारी / कार्मिक उपस्थित थे:-

1. श्री कबीर वाजपेयी, सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
2. श्री ए0के मित्तल, वैज्ञानिक, सी0बी0आर0आई0, रूड़की।
3. श्री ए0के0 पन्त, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. श्री आर0के0 मुखर्जी, निदेशक, टी0ए0आर0एन0, देहरादून।
5. श्रीमती रूपल देसाई, संयुक्त निदेशक, एन0सी0पी0डी0पी0, अहमदाबाद।
6. श्री राजेन्द्र देसाई, संयुक्त निदेशक, एन0सी0पी0डी0पी0, अहमदाबाद।
7. श्री पी0 के0 सकलानी, जिला परियोजना अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, देहरादून।
8. श्री आर0एस0 रावत, विशेषज्ञ, निर्माण कार्य, राज्य परियोजना कार्यालय।
9. श्री बी0पी0 मैंदोली, समन्वयक, निर्माण कार्य, राज्य परियोजना कार्यालय।
10. श्री उमेश कुमार गोसांई, अवर अभियन्ता, राज्य परियोजना कार्यालय।
11. श्री नवीन जोशी, सहायक अभियन्ता, जिला परियोजना कार्यालय, देहरादून।
12. श्री आनन्द नैनवाल, अवर अभियन्ता, जिला परियोजन कार्यालय, देहरादून।

- बैठक में सर्वप्रथम राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के पुर्ननिर्माण हेतु रू0 735.26 लाख, वृहद मरम्मत कार्य हेतु रू0 500.00 लाख धनराशि की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हुई है इस प्रकार कुल रू0 1253.26 लाख की स्वीकृति पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत हेतु प्राप्त हुई है।
- जनपदों से सत्यापित सूची के अनुसार वर्तमान अवधि तक कुल पूर्ण रूप से ध्वस्त विद्यालयों की सं0 163 एवं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त विद्यालयों की संख्या 578 प्राप्त हुई है। क्षतिग्रस्त विद्यालयों की परिसम्पतियों का प्रारम्भिक आंकलन के अनुसार उपरोक्त विद्यालयों की क्षति का मूल्य लगभग रू0 3622.67 लाख है। इस प्रकार पूर्व में स्वीकृत धनराशि रू0 1253.26 लाख के अतिरिक्त रू0 2369.41 लाख की आवश्यकता और होगी। अतः उपरोक्त अतिरिक्त धनराशि की मांग भारत सरकार से की जायेगी।
- राज्य परियोजना निदेशक महोदया द्वारा निर्देश दिये गये कि विद्यालयों के पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत कार्य सम्पन्न कराने हेतु निम्न समय सीमा निर्धारित की जा रही है।

1.	जनपद चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग एवं टिहरी में कार्यरत सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता की अभिमुखीकरण कार्यशाला, जिसमें तकनीकी अनुसमर्थन हेतु श्री कबीर वाजपेयी, सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, सी0बी0आर0आई0, रूड़की के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अचल कुमार मित्तल, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के अधीक्षण अभियन्ता एवं भू–वैज्ञानिक आवश्यक रूप से आमंत्रित कर लिए जाये।	29 एव 30 सितम्बर, 2013 (राज्य परियोजना कार्यालय)
2.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अवस्थापना सलाहकार, सी0बी0आर0आई0 एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग द्वारा विद्यालय भवन के डिजायन तैयार करना।	06 सितम्बर, 2013
3.	डिजायनों की प्रति समस्त जिलाधिकारियों एवं जिला परियोजना अधिकारियों को सी0डी0 एवं सॉफ्ट कापी में उपलब्ध कराना।	09 सितम्बर, 2013
4.	जनपदों द्वारा क्षतिग्रस्त विद्यालयों के वृहद मरम्मत के आगणन तैयार कर नोडल एजेन्सी, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के सक्षम अभियन्ताओं से प्रतिहस्ताक्षर एवं तकनीकी स्वीकृतियां प्रदान करना	30 सितम्बर, 2013
5.	क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत हेतु सम्बन्धित जिला परियोजना अधिकारियों द्वारा धनराशि विद्यालय प्रबन्धन समिति के खातों में अन्तरित किया जाना।	10 अक्टूबर, 2013
6.	क्षतिग्रस्त विद्यालयों का पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत प्रारम्भ	15 अक्टूबर, 2013

- बैठक में निर्णय लिया गया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अवस्थापना सलाहकार भू–वैज्ञानिक, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के अभियन्ताओं द्वारा समय–समय पर निर्माण कार्यों का प्रत्येक दशा में अनुश्रण किया जाये।

अन्त में सभी का धन्यवाद कर बैठक सम्पन्न हुई।

* * * * * * *

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक,
सर्व शिक्षा अभियान
उत्तराखण्ड, देहरादून।

कार्यालय राज्य परियोजना कार्यालय,
सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक : / /दै0आ0 (32)/2013–14 दिनांक अगस्त, 2013

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन को अवलोकनार्थ प्रस्तुत।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित सम्पूर्ण निर्माण कार्यों का अपने स्तर अनुश्रवण करने का कष्ट करें।
3. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान।
4. समस्त प्रतिभागी गण।
5. गार्ड फाईल।

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक,
सर्व शिक्षा अभियान
उत्तराखण्ड, देहरादून।